# अग्रवाल महाविद्यालय में श्रीजा ब्यूटी पार्लर के अंतर्गत सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम और रैंप वॉक का आयोजन

By Admin September 28, 2022 39 0



**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह )**। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में रोटरी क्लब फरीदाबाद ट्रूलिप्स एंड श्रीजा फाउंडेशन लिमिटेड के संयुक्त प्रयासों से श्रीजा ब्यूटी पार्लर के अंतर्गत सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम और रैंप वॉक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रीजा फाउंडेशन लिमिटेड के एमओयू के तहत किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का आयोजन छात्राओं के समुचित विकास के लिए किया गया।

इस कार्यक्रम में श्रीमती कमल टंडन अंग्रेजी विभागाध्यक्षा, मनीषा गिल (वाइस प्रेसिडेंट ऑफ रोटरी क्लब फरीदाबाद ट्रूलिप्स), डॉ निधि अग्रवाल (फाउंडर ऑफ श्रीजा फाउंडेशन लिमिटेड), मेघा ग्रोवर (मेकअप आर्टिस्ट), सविता गौर (मेकअप आर्टिस्ट), नीतू ग्रेवाल (मेंबर ऑफ रोटरी क्लब फरीदाबाद ट्रूलिप्स), डॉ.के.एल.कौशिक (गणित विभागाध्यक्ष), डॉ. मनोज शुक्ला (अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष) मिस पूजा (वाणिज्य सहायक प्रोफेसर), श्रीमती सुनीता ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रैंप वॉक मे 15 छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में श्रीजा ब्यूटी पार्लर कोर्स में प्रथम स्थान ज्योति, द्वितीय स्थान रीतिका, तृतीय स्थान दिव्या बंसल को प्राप्त हुआ। रैंप वॉक के दौरान सभी प्रतिभागियों ने बहुत जोर शोर से भाग लिया। रैंप वॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिका, द्वितीय स्थान मनीषा और तृतीय स्थान संजना को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता मे पूजा और भावना शर्मा उपविजेता रहे। कुछ विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिये गये जिनमें भावना शर्मा, मनीषा, मेगा, विनीता, शीतल और पूजा का नाम विद्यमान है। विजेता छात्राओं को श्रीजा फाउंडेशन लिमिटेड की तरफ से अवार्ड दिए। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. डिंपल (वाणिज्य सहायक प्रोफेसर) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 112 छात्राएं उपस्थित रही। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए के लिए पूरी टीम को बधाई दी और प्रोत्साहित किया।